कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा–द/ई–कक्षा/2020–21/57 दिनांक : 23.11.2020

समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वय

विषय : स्माईल–2 कार्यक्रम के संबंध में दिनांक 25 नवम्बर 2020 को आयोज्य वीडियो कान्फ्रेसिंग के आयोजन बाबत।

प्रसंग : समसंख्यक पत्र दिनांक : 02.11.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के अनुसार राजकीय विद्यालयों में संचालित स्माईल–2 कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू कर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मोनिटरिंग हेतु दिशा–निर्देश प्रदान करने हेतु निदेशालय स्तर से दिनांक 25.11.2020 को सांय 5 बजे से 6:30 तक सभी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय DOI&T केन्द्रों पर माननीय प्रमुख शिक्षा सचिव महोदया की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेसिंग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा एवं प्रभावी सम्प्रेषण किया जाएगा:–

1. स्माईल–2 को प्रभावी रूप से लागू कर क्रियान्विती सुनिश्चित करने बाबत।
2. विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के पोर्टफोलियों की अद्यतन स्थिति से अवगत करवाने बाबत।
3. विद्यालयों के संस्था प्रधानों द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम की प्रभावी मोनिटरिंग की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने बाबत।
4. विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के पोर्टफोलियो में विद्यार्थियों द्वारा सम्पादित गृहकार्य के मूल्यांकन उपरान्त हार्डकॉपी पोर्टफोलियो पंजिका में संधारण सुनिश्चित करने बाबत।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारीयों द्वारा समय–समय पर प्रभावी निरीक्षण कर सम्बलन प्रदान करने बाबत।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारीयों द्वारा विद्यालय निरीक्षण के दिवस सम्पादित की गई निरीक्षण कार्यवाही का ब्यौरा देने बाबत।
7. समस्त पीईईओ द्वारा विद्यालयों में स्माईल–2 कार्यक्रम में लाभान्वित छात्रों की संख्या का किये गए क्रॉसवेरिफिकेशन की सूचना उपलब्ध करवाने बाबत।
8. विद्यालयों के संस्था प्रधानों द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई गई एवं वितरण की गई वर्क–बुक्स का आंकडा उपलब्ध करवाने बाबत।
9. विद्यालयों के संस्था प्रधानों एवं संबंधित विद्यालय में कार्यरत अध्यापकों द्वारा ई–कक्षा संचालन को प्रभावी बनाने हेतु वांछित नवाचारों का समावेश करने हेतु सुझाव प्रदान कर अपने सुझावों को लिखित में निदेशालय स्तर पर अवगत करवाने बाबत।
10. समस्त पीईईओ अपने अधीनस्थ कार्यरत विषयाध्यापकों को ई–कक्षा के माध्यम से प्रसारित वीडियों का अवलोकन करना सुनिश्चित करने के बाबत।

उक्त बिन्दुओं एवं वीडियों कॉन्फ्रेसिंग की आयोजन दिनांक : 25.11.2020 व समय : सायं 5 बजे से 6:30 बजे तक आप तथा अधीनस्थ पीईईओ को सम्पर्ण तैयारी एवं अद्यतन सूचना के साथ ब्लॉक एवं जिले के DOI&T केन्द्र पर उपस्थित होंगें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान,बीकानेर

www.rajsevak.com

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा पुस्तकालय एवं भाषा विभाग राजस्थान, जयपुर।

2. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, जयपुर।
3. सिस्टम एनालिस्ट कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त समयावधि को DOI&T केन्द्र पर VC हेतु बुक करावें।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
6. समस्त पीईईओ एवं प्रधानाचार्य।
7. कार्यालय प्रति।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा